**Sl.No. :**

**नामांक** **Roll No.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**No. of Questions – 30**

# VU–01–Hindi (C) (D & D)

**No. of Printed Pages – 7**

## वरिष्ठ उपाध्याय (मूक – बधिर) परीक्षा, 2023

## हिन्दी (अनिवार्य)

**समय** : 4 **घण्टे** 15 **मिनट**

**पूर्णांक** : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न – पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर – पुस्तिका में निर्धारित शब्द – सीमा में लिखें।

4) जिस प्रश्न के अ, ब, स, द, य भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें।

यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

यहाँ से काटिए

## 'खण्ड – अ'

1) दिए गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर कॉपी में लिखिए – **[10]**

क) 'जग–जीवन' का अर्थ क्या है?

(अ) दुनियादारी (ब) लहरें

(स) सागर (द) इनमें से कोई नहीं

ख) 'बात सीधी थी पर' कविता कुँवर नारायण के किस काव्य संग्रह से ली गई है?

(अ) चक्रव्यूह (ब) कोई दूसरा नहीं

(स) हम–तुम (द) इन दिनों

ग) उषा कविता के लेखक कौन है?

(अ) शमशेर बहादुर सिंह (ब) जयशंकर प्रसाद

(स) आलोक धन्वा (द) राम विलास शर्मा

घ) 'बादल–राग' कविता में कवि निराला ने किसका वर्णन किया है?

(अ) वर्षा का (ब) गर्मी का

(स) सर्दी का (द) इनमें से कोई नहीं।

ङ) राम ने विलाप क्यों किया?

(अ) लक्ष्मण के घायल होने से। (ब) अंधेरा होने की वजह से।

(स) खुद के चोट लगने से। (द) इनमें से कोई नहीं।

च) लेखक के अनुसार भगत जी क्या बेचते थे?

(अ) नमकीन (ब) मिठाई

(स) चूरन (द) दवाईयाँ

छ) लुट्टन का पालन–पोषण किसने किया?

(अ) माँ द्वारा (ब) दादी द्वारा

(स) चाची द्वारा (द) सास द्वारा

ज) नमक कहानी की लेखिका सरहद पार क्या छिपाकर ले जाना चाहती है?

(अ) शक्कर (ब) नमक

(स) काँच (द) मिर्ची

झ) 'मेढक–मंडली' मुहल्लों में घूम–घूमकर क्या माँगती थी।

(अ) रोटी (ब) पानी

(स) पेन (द) किताब

ञ) भक्तिन पाठ की लेखिका कौन है?

(अ) कृष्णा सोबती (ब) महादेवी वर्मा

(स) मीरां बाई (द) सुभद्रा कुमारी चौहान

दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में अपनी कॉपी में लिखिए। (प्र.स. 2 से 11 तक प्रत्येक प्रश्न 1 अंक) [10]

**2)** दुनिया की सबसे हल्की और रंगीन चीज किसे कहा गया है?

**3)** कवि ने क्या सहर्ष स्वीकारा है?

**4)** भक्तिन का वास्तविक नाम क्या था?

**5)** 'पहलवान की ढोलक' कहानी में गाँव में कौनसी बीमारी फैली?

**6)** 'सिल्वर वेडिंग' कहानी में यशोधर बाबू के आदर्श कौन थे?

**7)** 'जूझ' पाठ का लेखक किस अध्यापक से सर्वाधिक प्रभावित हुआ?

**8)** 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के लेखक कौन है?

**9)** ऐन फैंक ने अपनी डायरी किसे संबोधित करते हुए लिखी?

**10)** सिंधु सभ्यता का सबसे बड़ा शहर कौनसा था?

**11)** ऐन फ्रैंक की बड़ी बहन का क्या नाम था?

## 'खण्ड – ब'

दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी कॉपी में लिखो । **[8]**

नारी त्याग और तपस्या की अद्भूत विभूति हैं । इन्हीं दोनों तत्वों के समन्वय में हमारी भारतीय नारी का स्वरूप संगठित हुआ हैं । नारी जीवन का मूलमंत्र है – त्याग । और इस मंत्र को सिद्ध करने की क्षमता उसे प्रदान की है तपस्या ने । हम ठीक – ठीक नहीं कह सकते हैं कि उसके जीवन के किस अंश में इन महनीय तत्वों के विलास का दर्शन हमें नहीं मिलता, परन्तु यदि हम अपने पूर्ण जीवन को 'तपस्या' का काल तथा उत्तर जीवन को 'त्याग' काल माने तो कदापि अनुचित न होगा । नारी के तीन रूप हमें दिखाई पड़तें हैं – कन्या रूप, भार्या रूप तथा मातृ रूप । कौमार्य काल नारी जीवन की साधनावस्था है और उत्तर काल उस जीवन की सिद्धावस्था है । हमारी संस्कृति के उपासक संस्कृत कवियों ने नारी की तीन अवस्थाओं का चित्रण बड़ी सुन्दरता के साथ किया है ।

**12)** भारतीय नारी का व्यक्तित्व किन तत्वों से निर्मित होता है?

**13)** नारी जीवन का मूलमंत्र क्या है?

**14)** नारी के कौनसे रूप हमें दिखाई देते हैं?

**15)** गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

दिए गए अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपनी कॉपी में लिखिए । **[8]**

ओ हिमानी चोटियों के सजग प्रहरी
तंग सूनी घाटियों के सबल रक्षक
तू न एकाकी समझना आपको
देश तेरे साथ अन्तिम श्वास तक
तू सिपाही सत्य का स्वातंत्र्य का है
न्याय और शांति का है तू सिपाही
प्राण देकर प्राण के ओ प्रबल पहरी !
जा रहा तू देश हित बलि पंथ राही
जा कि तेरे साथ है इस देश का बल
साथ तेरे देश की हर भावना है,
साथ धन जन, साथ तन मन
साथ, तेरी विजय की शुभकामना है !

**16)** 'हिमानी के सजग प्रहरी' किसके लिए कहा गया है?

**17)** सिपाही को किसका रक्षक बताया गया है?

**18)** ''जा तेरे साथ है'' सिपाही के साथ कौन है?

**19)** प्रस्तुत पद्यांश का शीर्षक बताइए ।

## 'खण्ड – स'

**20)** पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **[4]**

भक्तिन और मेरे बीच सेवक–स्वामी का संबंध है, यह कहना कठिन है; क्योंकि ऐसा कोई स्वामी नहीं हो सकता, जो इच्छा होने पर भी सेवक को अपनी सेवा से हटा न सके और ऐसा कोई सेवक भी नहीं सुना गया, जो स्वामी के चले जाने का आदेश पाकर अवज्ञा से हँस दे । भक्तिन को नौकर कहना उतना ही असंगत है, जितना अपने घर में बारी–बारी से आने–जाने वाले अँधेरे–उजाले और आँगन में फूलने वाले गुलाब और आम को सेवक मानना । वे जिस प्रकार का एक अस्तित्व रखते हैं, जिसे सार्थकता देने के लिए ही हमें सुख–दुख देते हैं, उसी प्रकार भक्तिन का स्वतंत्र व्यक्तित्व अपने विकास के परिचय के लिए ही मेरे जीवन को घेरे हुए हैं ।

अ) गद्यांश में लेखिका और भक्तिन के बीच किस के संबंध की बात की गई है?

ब) लेखिका ने किस बात को असंगत माना है?

स) प्रकाश और अंधकार का उदाहरण क्यों दिया गया है?

द) लेखिका और भक्तिन के संबंधों की क्या विशेषता है?

**21)** नीचे दिए गए पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपनी कॉपी में लिखिए । **[4]**

नभ में पाँती–बँधे बगुलों के पंख,<br>
चुराए लिए जातीं वे मेरी आँखें ।<br>
कजरारे बादलों की छाई नभ छाया,<br>
तैरती साँझ की सतेज श्वेत काया ।<br>
हौले हौले जाती मुझे बाँध निज माया से ।<br>
उसे कोई तनिक रोक रक्खो,<br>
वह तो चुराए लिए जातीं मेरी आँखें<br>
नभ में पाँती–बँधी बगुलों की पाँखें ।

अ) काव्यांश में बगुलों के पंखो द्वारा आँखें चुराने से क्या आशय है?

ब) साँझ की सतेज श्वेत काया क्या कर रही है?

स) कवि के अनुसार आकाश में कैसे बादल छाए हैं?

द) कवि को बगुलों का कौन–सा सौंदर्य अपने आकर्षण में बाँध रहा है?

## 'खण्ड – द'

22) दिए गए पारिभाषिक शब्दों के अर्थ लिखिए – [2]

(अ) Job (ब) Post

(स) Race (द) State

23) दिए गए कवि/लेखक में से किसी एक का परिचय लिखिए। [3]

अ) तुलसीदास

ब) हजारी प्रसाद द्विवेदी

स) महादेवी वर्मा

24) अपने प्रधानाचार्य को विद्यालय के खेल मैदान की समुचित व्यवस्था के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए। [5]

अथवा

राज्य स्तरीय परीक्षा में सर्वोच्च स्थान पर चयन होने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

25) दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। [5]

अ) हमारे त्योहार

ब) जीवन में अनुशासन का महत्त्व

स) बेटी बचाओं – बेटी पढ़ाओं

26) दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर प्रतिवेदन लिखिए। [4]

अ) विद्यालय में स्वास्थ्य जाँच शिविर

ब) वार्षिकोत्सव समारोह

स) वृक्षारोपण

## 'खण्ड – य'

**27)** सूर्योदय से पूर्व आकाश में क्या – क्या परिवर्तन होते है? 'उषा' कविता के आधार पर बताइए। **[4]**

अथवा

'किस्मत हमको रो लेवे है, हम किस्मत को रो ले है' पंक्ति का अपने शब्दों में अभिप्राय समझाइए।

**28)** बाज़ार का जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या असर पड़ते है? स्पष्ट कीजिए। **[4]**

अथवा

चार्ली चैप्लिन के जीवन पर किन दो घटनाओं का विशेष प्रभाव पड़ा?

**29)** 'जूझ' कहानी के नायक आनंदा की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए। **[4]**

अथवा

ऐन फ्रैंक के प्रकृति संबंधी विचार स्पष्ट कीजिए।

**30)** 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता करूणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है। स्पष्ट कीजिए। **[5]**

अथवा

आंबेडकर द्वारा आदर्श समाज के लिए बताए गए तत्वों को स्पष्ट कीजिए।

▽▽▽▽

DO NOT WRITE ANYTHING HERE